दिनांक: 27.04.2025 समय: 07.10PM

**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में पहलगाम आतंकी हमले पर जताया दु:ख।
2- राज्य के कर्मचारियों को महंगाई भत्ता में 5 प्रतिशत की वृद्धि, केंद्र के समान 55 प्रतिशत हुआ।
3- मंदसौर में एक कार कुएं में गिरने से 10 लोगों की मौत, 4 को सुरक्षित बचाया।
4- प्रदेश के कई जिलो में तेज आंधी को साथ हुई बारिश, 14 जिलो में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी।

अब समाचार विस्तार से–

**प्रधानमंत्री मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और इसकी साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने डॉ. के कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है। दो दिन पहले डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन हो गया था। श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष अप्रैल में आर्यभट्ट उपग्रह के प्रक्षेपण के 50 वर्ष पूरे हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की यह यात्रा सिर्फ हौसलों से शुरू हुई थी। उन्होंने इस बात पर गौरव व्यक्त किया कि भारत ने एक साथ 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण करने का रिकॉर्ड बनाया है।

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा के विज्ञान केंद्र की चर्चा की जो पहले हिंसा और अशांति के कारण चर्चा में रहता था लेकिन अब यहां का विज्ञान केंद्र सबका ध्यान खींच रहा है और बच्चों तथा उनके माता-पिता के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान का एक वर्ष पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस एक वर्ष के दौरान देशभर में माँ के नाम पर एक सौ चालीस करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। श्री मोदी ने देशवासियों से अपील की कि वे भी इस अभियान का हिस्स बनें ताकि एक वर्ष पूरा होने पर अपनी भागीदारी पर गर्व कर सकें।

**कर्मचारी भत्ता**

प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को केंद्र सरकार के समान 55 प्रतिशत कर दिया है। भोपाल में आज मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से 3% और 1 जनवरी 2025 से 2% अतिरिक्त महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एरियर की राशि पांच समान किस्तों में इस वर्ष जून से अक्टूबर तक वितरित की जाएगी।

**आईटी कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्क्लेव देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर सिद्ध होगा। राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का यह आयोजन जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। इस कॉन्क्लेव में कई आई टी क्षैत्र की कंपनिया हिस्सा ले रही है।

**जल गंगा संवर्धन**

देवास जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए दो माह का विशेष अभियान  शुरू किया गया हैं। आज  क्षिप्रा घाट पर सफाई के बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पूजा-अर्चना की। क्षिप्रा शुद्धिकरण के दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सभी उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। जिले में 21 जून तक चलने वाले अभियान के तहत अलग-अगल ग्रामों में प्रतिदिन शासकीय विभागों अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सहभागिता कर श्रमदान किया जायेगा।

**कार हादसा**

मंदसौर जिले के नारायण गढ़ के काचरिया चौपाटी पर सड़क किनारे एक खेत के बिना मुंडेर वाले कुएं में कार गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई। कार के कुएं में गिरने से इसमें सवार 9 लोगों की भी मौत हो गई। लोगों को बचाने के लिए कुएं में उतरे एक युवक की भी गेस रिसाव के कारण मौत हो गई। इस तरह  दुर्घटना में कुल 10 लोगों की मौत हो गई।  मल्हारगढ़ पुलिस द्वारा बचाव कार्य किया जा रहा है। वाहन में सवार लोग रतलाम जिले के ताल रोड के जोगी पिपलिया के बताए जा रहे हैं। समाचार मिलते ही उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मौके पर पहुंचे और एसपी, कलेक्टर के साथ उन्होंने हर संभव मदद व उचित इलाज करने के निर्देश दिए। मंदसौर DIG मनोज कुमार सिंह ने बताया, "वाहन में 13 लोग सवार थे।

**बाल विवाह मुक्त अभियान**

जबलपुर में बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठा रह हैं। महिला और बाल विकास विभाग ने अक्षय तृतीया के मौके पर विशेष व्यवस्था की है। 29 अप्रैल से 1 मई तक शिकायतें दर्ज करने के लिए 13 कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में 6 और  ग्रामीण क्षेत्रों में 7 कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। जिला स्तर पर वन स्टॉप सेंटर को कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिला

कार्यक्रम अधिकारी मनीष सेठ ने बताया कि जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जारी है और सभी कंट्रोल रूम तीन दिन तक शिकायतें स्वीकार करेंगे।

**मौसम**

प्रदेश में इस वक्त मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। एक तरह जहां भीषण गर्मी पड़ रही है तो वहीं दूसरी तरफ बारिश का सिलसिला भी जारी है। शनिवार को प्रदेश के कई जिलों में लू का असर देखा गया। वहीं, कुछ जिलों में तेज आंधी और हल्की बारिश हुई। ग्वालियर, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग के जिलों सहित 27 जिलों में बारिश के आसार हैं। वहीं अनूपपुर, शहडोल सहीत 14 जिलो के लिए ओला वृष्टी और आंधी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भोपाल, इंदौर में आज दिनभर बादल छाए रहे। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 43.8 डीग्री सेल्सियर खजुराहो में दर्ज किया गया। उमरिया सहित आसपास के गांवों में आज दोपहर बाद अचानक हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत पहुंची। मंडला जिले में आज दूसरे दिन भी दोपहर बाद तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हुई हैं। जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

**आईपीएल क्रिकेट**

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज दो मुकाबले खेले जा रहे हैं। पहला मैच मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुंबई में जारी है।
लखनऊ सुपर जायंट्स को 216 बनाने की चुनोती मिली है। दूसरा मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच अब से कुछ देर बाद दिल्ली में होगा।

**नवीन शिक्षा सत्र**

प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने नवीन शिक्षा सत्र में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया 15 मई से शुरू होने जा रही हैं।

राज्य के 1300 से अधिक निजी व सरकारी कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन चलेगी। जानकारी के मुताबिक मई के पहले सप्ताह में माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड का परिणाम जारी हो सकता है। एडमिशन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए विभाग लगातार काम कर रहा है छात्र-छात्राओं को परेशानी ना आए उसको लेकर भी पूरी प्रक्रिया का सलीकरण किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल के शिवाजी नगर में सिंधु भवन में आज चेटी चंड प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सहभागिता कर प्रतिभाओं का सम्मान किया।
- नर्मदापुरम जिले में 171 उपार्जन केन्द्रों पर अब तक 2 लाख 78 हजार 394 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। जिले में 64 हजार 988 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीकरण कराया है।
- वन, पर्यावरण राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने आज अनूपपुर जिले के अमरकंटक प्रवास के दौरान मां नर्मदा के उद्गम स्थल में पहुंचकर मां नर्मदा की पूजा अर्चना की।
- सीहोर जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 6 लाख 9 हजार टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है। जिले में गेहूं खरीदी का काम 5 मई तक चलेगा। किसानों की सुविधा के लिए गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुक करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तय की गई है।
- भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल कार्यालय द्वारा देवास में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के वित्तपोषण में कार्यरत बैंकर्स की क्षमता संवर्धन के लिए राष्ट्रीय मिशन 3.0 के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- देशभर में आज वैशाख अमावस्या मनाई गई। इस अवसर पर नर्मदापुरम के सेठानी घाट समेत प्रदेश के नर्मदा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान किया और सत्तू का दान किया। देवास जिले के नेमावर पर भी हजारों लोगों ने स्नान किया।